Nai Dunia (Indore), 06th September 2022, Page – 03

# कैमरे में कैद किया 500 एकड़ में फैला आइआइटी परिसर, दिखाईं सुविधाएं

- संस्थान ने तैयार की पहली वीडियो डाक्यूमेंट्री
- प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को मिलेगी विस्तृत जानकारी

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने पहली बार 500 एकड़ क्षेत्र में फैले परिसर का वीडियो बनाया है। प्रवेश द्वार से लेकर लाइब्रेरी, लैब, होस्टल, बैंक, एटीएम, डाक घर, कैफे, किराना-सब्जी, इलेक्ट्रानिक्स उपकरण, बेकरी, सैलून, लांड्री, खेल, मनोरंजन और विद्यार्थियों की दिनचर्या तक बताने की कोशिश की गई है। परिसर में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के अनुभव को भी इसमें साझा किया गया है। संस्थान की आधुनिक लैब और इसमें कैसे काम होता है, बताया गया है। संस्थान ने पहली बार इस तरह का वीडियो जारी किया है। इसका लाभ उन विद्यार्थियों को भी मिलेगा जो आइआइटी में प्रवेश लेना चाहते हैं। कई विद्यार्थी संस्थान के अधिकारियों से प्रवेश लेने के पहले परिसर का दौरा करने और सुविधाओं का जायजा लेने की मांग करते रहे हैं, लेकिन इसकी अनुमति नहीं मिल पाती थी। डाक्यूमेंट्री में होस्टल के कमरों में दी जा रही सुविधा तक को बताया गया है। वीडियो तैयार करने में संस्थान के विद्यार्थियों ने काम किया है और दो महीने से ज्यादा का समय लगा। संस्थान में हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं, सेंट्रल डायनिंग हाल और प्रदेश का सबसे बड़ा आडिटोरियम तैयार किया गया है। इसकी जानकारी भी वीडियो में दी गई है। संस्थान के इंटरनेट प्लेटफार्म पर वीडियो अपलोड किया गया है।